
# मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 12 छात्रों का अडानी ग्रुप में चयन

जासं, जमशेदपुर : नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट इकाई की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात स्थित अडानी ग्रुप ने विश्वविद्यालय के 12 विद्यार्थियों का चयन किया। प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने शिरकत की। ग्रुप की ओर से विभाग के 12 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया। इन विद्यार्थियों का कंपनी में डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चयन किया गया है। कंपनी ने गुजरात स्थित अपने कार्यालय के लिए मकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग से सरण कुमार गोप, बिट्टू पात्रो, समीर अंसारी, सौरभ कुमार, अखिलेश सिंह, गोवर्धन महतो, एम .डी अदनान, सूरज महतो, जयराम महतो, रोहित कुमार, रंजीत महतो और रौनित शर्मा का चयन किया है। चयनित विद्यार्थियों को आरंभ में 2 .50 लाख का औसतन वार्षिक वेतन प्राप्त होगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनकी दक्षता एवं कार्य दायित्व के अनुसार वेतन वृद्धि की जाएगी।



अडानी ग्रुप में चयनित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी • जागरण